# अंतर सदनीय वाद –विवाद प्रतियोगिता (प्रज्ञा) प्रतिवेदन

## कक्षा – 7 व 8

विद्यालय में होने वाली पाठ्य सहगामी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में विद्यमान कौशल को प्रकट करने में सहायक होती हैं तथा उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाती हैं। वाद-विवाद भी ऐसी ही एक गतिविधि है जिसमें किसी विशिष्ट विषय पर तर्क युक्त चर्चा सम्मिलित है। हमारे विद्यालय द बिशप्स को. एड. स्कूल, उंड्री में भी 4 अप्रैल, 2023 को कक्षा 7 व 8 के विद्यार्थियों के लिए अंतर सदनीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का विषय था ''शिक्षा संस्थानों में स्मार्ट्फोन व अन्य विद्युत उपकरणों पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।'' सभी प्रतिभागियों ने श्रेष्ठ वक्तव्य कौशल का परिचय देते हुए विषय के पक्ष तथा विपक्ष में अपने विचार बहुत ही प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

हमारे विद्यालय के माननीय मुख्याध्यापक श्रीमान राल्फ रसल जी ने ईश्वर की प्रार्थना से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात प्रतियोगिता के निर्णायक गणों, गणमान्य व्यक्तियों तथा श्रोता गणों का स्वागत कक्षा 8 की छात्रा अक्षरा रैना द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 की छात्रा सांची जैन ने किया तथा सारा देवकर ने आभार प्रदर्शन किया।

इस वाद-विवाद प्रतियोगिता को सफल बनाने में श्रीमती जान्हवी कुकुटलु जी तथा कुमारी नीरु शर्मा जी का भी महत्त्वपूर्ण योगदान रहा जिन्होंने इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई।

**प्रथम निर्णायिका - श्रीमती जान्हवी कुकुटलु जी**



श्रीमती जान्हवी कुकुटलु जी ने स्नातक तथा स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है। आपको अध्यापन में ६ वर्ष का अनुभव प्राप्त है तथा वर्तमान में आप पर्ल ड्रॉप विद्यालय में अध्यापिका के रूप में कार्यरत हैं।

**द्वितीय निर्णायिका - कुमारी नीरू शर्मा जी**




कुमारी नीरु शर्मा जी ने स्नातक तथा हिन्दी में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है तथा यूरो विद्यालय में अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं।

आपने ड्रेस डिजाइन में डिप्लोमा भी किया है।

आपको ए. एस. एन. हाई स्कूल, फरीदाबाद तथा डी. ए. वी. विद्यालय,  पुणे में पढ़ाने का अनुभव प्राप्त है।

आपने राष्ट्रीय सेवा शिविर में भी भाग लिया है।

वाद – विवाद प्रतियोगिता के पश्चात निर्णायकों ने छात्रों के आत्मविश्वास तथा उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट प्रस्तुति की सराहना की।

माननीय मुख्याध्यापक श्रीमान रसल जी ने परिणामों की घोषणा की।

वाद – विवाद प्रतियोगिता के परिणाम :

**सर्वश्रेष्ठ वक्ता – मनुश्री मुथा**

**सर्वश्रेष्ठ सहायक वक्ता – कविन चतुर्वेदी तथा पेहेल वाधवानी**

| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान | यंग सदन |
| द्वितीय स्थान | विंटल सदन |
| तृतीय स्थान | ओ' कॉनर सदन |
| चतुर्थ सदन | रे सदन |


और विजेता हैं




टीम-ए


टीम-बी


टीम-सी


टीम-डी












द्वारा श्रीमती सीमा पांडेय